Title: Reducing Import duty on Soyabean and Cotton and waive off export restriction over Onion.

श्री ओम पवन राजेनिंबालकर (उस्मानाबाद): धन्यवाद सभापति महोदय। मैं प्याज, कपास और सोयाबीन के बड़ी मात्रा में दाम गिरने के कारण, प्याज, कपास और सोयाबीन उत्पादक किसानों की दिक्कतों के बारे में सरकार का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं।

मेरा संसदीय क्षेत्र आकांक्षी जिलों में आता है। महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा किसानों की आत्महत्याएं मेरे संसदीय क्षेत्र में ही होती हैं। प्याज के निर्यात की बंदी करने के कारण और प्याज को जीवनाशक वस्तुओं में लाने के कारण प्याज के दाम गिरे हैं। मेरी आपके माध्यम से सरकार से विनती है कि निर्यात की बंदी हटाई जाए और जीवनाशक वस्तुओं में से प्याज को निकाला जाए। उसी प्रकार से सोयाबीन और कपास हेतु मेरी विनती है कि सोयाबीन के आयात शुल्क को कम किया गया है, जिस कारण सोयाबीन और कपास के दामों में भारी मात्रा में गिरावट आयी है। आपके माध्यम से सरकार से मेरा निवेदन है कि सोयाबीन के आयात के लिए बढ़ाए गए आयात शुल्क को कम किया जाए।